लूट

जांच में जुटी पुलिस, 6 बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, जल्द होगा लूट का खुलासा

सुखी पिपरिया में हाथ-पैर बांधकर लाखों की लूट

नवभारत,दमोह 4 जुलाई। जिले के देहात थाना क्षेत्र की नरसिंहगढ़ चौकी अंतर्गत आने वाले सुखी पिपरिया गांव में शुक्रवार रात एक गल्ला व्यापारी के घर 6 अज्ञात बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है. आरोपियों ने व्यापारी के हाथ, पैर बांध दिए और सिर पर बंदूक रखकर इस वारदात को अंजाम दिया.

आरोपी भागते समय मोबाइल भी लेकर चले गए ताकि पीड़ित पुलिस को तत्काल जानकारी ना दे सके. इसके बाद पीड़ित और उनकी पत्नी ने पड़ोसियों को जानकारी दी और तत्काल पुलिस को सूचना दी. घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे के बीच की है. शनिवार सुबह देहात थाना पुलिस के साथ ही दमोह एसपी आनंद कलादगी भी घटनास्थल पहुंचे.

दो लोगों का नाम बार-बार ले रहे थे

बताया गया है कि आरोपी व्यापारी के साथ जब मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दे रहे थे तब वह दो लोगों का नाम बार-बार ले रहे थे. पीड़ित द्वारा पुलिस को इन दो लोगों के नाम के संबंध में जानकारी दी गई तो पुलिस ने दो संदिग्ध को भी उठाया है, लेकिन अभी कोई खास जानकारी नहीं लगी है.

दो मोबाइल ले गए लुटेरे

आरोपी करीब 7 से 8 तोला सोना, पत्नी द्वारा पहने गए जेवर और करीब 1 लाख रुपए नगदी लूट कर ले गए. भागते-भागते आरोपी विजय जैन के दो मोबाइल भी ले गए हैं. इसके अलावा जिस समय आरोपी घटना को अंजाम दे रहे थे उनके द्वारा रोहित और सुनील दो नाम लिए गए. लूट के बाद आरोपी भाग गए।

आरोपी सीधे कमरे अंदर घुस गए

पीड़ित से जानकारी लेने के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें बनाई. पीड़ित के पड़ोसी देवेंद्र पटेल ने बताया गल्ला व्यापारी विजय जैन पत्नी कीर्ति जैन और दो बच्चों के साथ दूसरी मंजिल पर सो रहे थे. शुक्रवार रात करीब 2 बजे 6 नकाबपोश बदमाश बाउंड्री के सहारे ऊपर पहुंचे. ऊपर के गेट खुले हुए थे तो आरोपी सीधे कमरे के अंदर घुस गए।

विजय जैन की कनपटी पर बंदूक तान दी

उन्होंने सीधे विजय जैन की कनपटी पर बंदूक रख दी और वहीं रखी एक साड़ी से उनके हाथ बांध दिए और लोअर से पैर बांध दिए. इसके बाद उनके सीने पर बैठकर आरोपियों ने लॉकर की चाबी मांगी. पत्नी ने चाबी देने से मना किया तो आरोपियों ने पति के सिर पर बंदूक की बट से हमला कर दिया, जिससे घबराई पत्नी ने तत्काल ही आरोपियों को अलमारी की चाबी दे दी.

क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई की मांग

थाना प्रभारी के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत,हटा 4 जुलाई। रनेह थाना क्षेत्र में शराब दुकानों से ग्रामीण इलाकों में कथित रूप से हो रही अवैध शराब सप्लाई और गांवों में अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा, तहसील हटा के अध्यक्ष जुगल किशोर पटेल ने थाना प्रभारी के नाम सहा उप निरीक्षक मुफीस खान को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन में बताया गया कि भगवती मानव कल्याण संगठन पिछले करीब 15 वर्षों से अवैध शराब,गांजा,जुआ, सट्टा,अवैध खनन और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाते हुए पुलिस और प्रशासन का सहयोग करता आ रहा है।

बिना नंबर की मोटरसाइकिलों से होती है सप्लाई

संगठन लगातार लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहा है। ज्ञापन के अनुसार, थाना रनेह अंतर्गत संचालित शराब दुकान से ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब सप्लाई किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। आरोप है कि यह सप्लाई बिना नंबर की मोटरसाइकिलों और चार पहिया वाहनों के माध्यम से रात्रि 12 बजे से प्रात: 9 बजे के बीच की जाती है।

इनका कहना है

अवैध शराब विक्रय की सूचना प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। क्षेत्र में कहीं भी अवैध शराब विक्रय की जानकारी मिलने पर आमजन फोन के माध्यम से पुलिस को सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा अवैध शराब विक्रय करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चंदन सिंह निरंजन,
थाना प्रभारी रनेह

छात्रों ने बेलाताल तालाब में की साफ-सफाई

नागरिकों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

नवभारत,दमोह. टाईम्स कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए ऐतिहासिक बेलाताल तालाब में एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण करना और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

सुबह से ही कॉलेज के दर्जनों छात्र-छात्राएं हाथों में दस्ताने, मास्क और झाड़ू लेकर बेलाताल तालाब के तट पर एकत्रित हुए। छात्रों ने एकजुट होकर तालाब के पानी में तैरती गंदगी, और घाटों पर बिखरे प्लास्टिक-कचरे को बाहर निकाला। कड़े परिश्रम के बाद छात्रों ने कचरा इकट्ठा कर उसे नगर पालिका के डस्टबिन और कचरा वाहनों तक पहुंचाया।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

महाविद्यालय के ग्रीन क्लब के छात्रों ने हाथों में पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखे पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया, साथ ही जल स्त्रोतो में पूजन सामग्री व कचरा डालने से रोकने हेतु बैनर लगायें। इस दौरान दमोह नगर पालिका सीएमओ राजेन्द्र सिंह लोधी, जन अभियान परिषद से सुशील नामदेव,वरिष्ठ समाज सेवी डॉ.केदारनाथ शर्मा,जाने-माने सिनेमेटोग्राफर हरीश पटेल व संस्था के मेनेजिंग डायरेक्टर प्रियांश गुप्ता की उपस्थिति रही।

साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,नरसिंहगढ़। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन में सीएसपी एचआर पांडे व टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी नरसिंहगढ़ रोहित द्विवेदी ने स्टाफ के साथ ज्ञानोदय स्कूल नरसिंहगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान सेफ क्लिक 2.0 के संबंध में व साइबर जागरूकता को लेकर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्रों व शिक्षकों को श्सेफ क्लिक 2.0 अभियान की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने के उपाय भी बताए गए। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मोबाइल व इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी।

सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्र कुमार को दी गई विदाई

नवभारत,दमोह। शहर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलाई में 30 जून 2026 को वरिष्ठ शिक्षक चंद्र कुमार असाटी के सेवाकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में प्राचार्य अनीता जैन ने कहा कि श्री असाटी ने शिक्षा विभाग में 43 वर्ष 9 माह 18 दिन तक अपनी सेवाएं दीं. समारोह में शिक्षकों ने कहा कि ष्चाहने वालों के लिए आसमान भी दूर नहीं होते हैं। यादों का कारवां है, ये कभी मजबूर नहीं होते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं और सेवानिवृत्त चंद्रकुमार परिजन उपस्थित रहे.सभी ने फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित किया.

सेवानिवृत्त गोरेलाल प्रजापति को दी गई विदाई

नवभारत,दमोह। लोक सेवा प्रबंधन विभाग, जिला दमोह द्वारा विभाग में संबद्ध भृत्य गोरेलाल प्रजापति के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर सम्मान व विदाई समारोह आयोजित किया गया।श्री प्रजापति मूलत: जनजातीय कार्य विभाग के कर्मचारी थे तथा लंबे समय से लोक सेवा प्रबंधन विभाग में संबद्ध रहकर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे थे। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्यपरायणता के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन किया। इस दौरान श्री प्रजापति ने बताया कि उनके 38 वर्षों की सेवाकाल के दौरान ऐसे अनेक अवसर आये जब कुछ अच्छे और कुछ खट्टे अनुभव उन्हें नौकरी के दौरान मिले, लेकिन उन्होंने कहा कि पूर्व के अधिकारियों एवं वर्तमान के अधिकारियों में व्यवहारिक दृष्टिकोण से काफी अंतर आया है।

कुत्तों के हमले में घायल हिरण खेत में घुसा

खेत मालिक ने इलाज के बाद वन विभाग को सौंपा

नवभारत,दमोह 4 जुलाई। देहात थाना क्षेत्र के मांगंज वार्ड-5 स्थित धुबा तला क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक हिरण कुत्तों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया और एक खेत में घुस गया.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,कुत्तों से बचने के दौरान हिरण भागते-भागते रामदास पटेल के खेत पर बने गड्ढे में जा गिरा,जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने हिरन को बाहर निकाला और वन विभाग को सुपुर्द किया. स्थानीय निवासी पप्पू पटेल ने बताया की कुछ कुत्ते हिरण पर हमला कर रहे थे. कुत्तों से बचने के लिए हिरण उनके घर के नजदीक एक खेत में बने पानी से भरे गड्ढे में गिर गया. लोगों ने हिरण को देखा तो उन्हें सूचना दी. इसके बाद अन्य ग्रामीण भी एकत्रित हो गए.

वन विभाग कर रहा उपचार

हिरण की सुरक्षा के लिए पप्पू पटेल ने उसे गड्ढे से बाहर निकालकर अपने घर में सुरक्षित बांध दिया ताकि उस पर दोबारा कुत्ते हमला नहीं कर सकें और पुलिस के साथ वन विभाग को सूचना दी. घायल हिरण को अपने संरक्षण में लेकर उपचार के लिए रवाना किया. वन विभाग के अधिकारियों कहना है कि हिरण का इलाज कराया जा रहा है तथा उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है.

भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन 6 को तेंदूखेड़ा में

नवभारत,दमोह. भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रवादी विचारक व जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में 6 जुलाई को दमोह जिले के तेंदूखेड़ा में भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है.यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल होंगे. जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि यह सम्मेलन न केवल एक संगठनात्मक कार्यक्रम होगा, बल्कि कार्यकर्ताओं के सम्मान और प्रेरणा का भी महत्वपूर्ण अवसर बनेगा.

तालाब में डूबने से आदिवासी की मौत

नवभारत,दमोह। जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत परेवा तालाब में गुरुवार शाम मछली पकड़ने गए एक व्यक्ति की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गिरन पिता चेते आदिवासी, उम्र 58 वर्ष, निवासी ढोड़ा, ग्राम पंचायत छिरकोना का रहने वाला था। वह गुरुवार शाम मछली पकड़ने परेवा तालाब गया था, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर, एएसआई सत्येंद्र सिंह राजपूत,एएसआई खिलान सिंह,आरक्षक हरीसिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए तेंदूखेड़ा भेजा गया है।

एक नजर में

9 साल की बच्ची को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

नवभारत,दमोह. रेलवे स्टेशन से बांदकपुर जाने के लिए निकली 9 वर्षीय नाबालिग बच्ची गलती से छतरपुर जाने वाली बस में बैठकर नरसिंहगढ़ पहुंच गई। पुलिस की तत्परता से बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बच्ची रेलवे स्टेशन दमोह से बांदकपुर जाने के लिए बस में बैठी थी, लेकिन गलती से छतरपुर रूट की बस में बैठ गई और नरसिंहगढ़ पहुंच गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाई। चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी, आरक्षक कमलेश और आरक्षक राजेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम ने बच्ची को तलाश कर सुरक्षित रेलवे स्टेशन दमोह लाया। बाद में नाबालिग बच्ची को उसके परिजन को सकुशल सुपुर्द किया गया। बच्ची के मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए उपाय

नवभारत,बटियागढ़। मप्र पुलिस द्वारा संचालित साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम फुटेरा कला के साप्ताहिक बाजार में साइबर जागरूकता रथ पहुंचा. इस दौरान बाजार में मौजूद ग्रामीणों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं व विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान के दौरान चौकी प्रभारी आनंद कुमार अहिरवार व पुलिस स्टाफ ने लोगों को बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

11 हजार का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,हटा। थाना गैसाबाद पुलिस ने करीब 10 वर्षों से फरार चल रहे 11 हजार रुपये के इनामी एवं स्थायी वारंटी गोविन्द विश्वकर्मा को मथुरा (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार किया। आरोपी 2017 में पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक सौरभ शर्मा, प्रधान आरक्षक तुलसीराम पटैल, आरक्षक रामसिंह लोधी, आर. अकरम खा,नगर रक्षा समिति के जशवेंद्र सिंह लोधी तथा साइबर सेल दमोह के प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन व आरक्षक मयंक दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मंत्री ने किया 1 करोड़ 13 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

नवभारत, दमोह। जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत मंडल जबेरा के ग्राम चौपरा में स्थानीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने 1 करोड़ 13 लाख 78 हजार रुपये की लागत से निर्माण होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। सामुदायिक भवन ग्राम महुआ खेड़ा लागत राशि 20 लाख रुपये, पिलर सहित छत निर्माण कार्य ग्राम पौड़ी महाराज सिंह लागत राशि 14.78 लाख रुपये, पिलर सहित क्षत निर्माण कार्य चंडी प्रांगण ग्राम चौपरा लागत राशि 25 लख रुपये, शांति धाम सौंदर्यीकरण ग्राम हरदुआ सुम्मेर सिंह लागत राशि 10 लाख रुपये, अतिरिक्त कक्ष शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम चौपरा लागत राशि 44 लाख रुपये का भूमिपूजन किया गया।

फुटबॉल टैलेंट सर्च का आयोजन 6 व 7 को

नवभारत, दमोह। जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा टैलेंट सर्च प्रक्रिया प्रस्तावित की गई है। इसके तहत मप्र फुटबाल अकादमी हेतु अठारह वर्ष से कम आयु समूह के फुटबाल खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया 6 व 7 जुलाई 2026 को सेंट नॉर्बट शाला में सुबह-शाम संपन्न होगी। मप्र फुटबाल संघ महासचिव अमित रंजन देव के अनुसार इस टैलेंट सर्च का उद्देश्य मप्र के समस्त जिलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मप्र फुटबाल अकादमी में खेलने का अवसर प्रदान करना है। उक्त चयन समिति में आशीष पिल्ले व स्वपन कुमार दास शामिल होंगे। इस प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु जिला फुटबाल संघ के राजेश सालोमन, विकास जैन, श्रीकांत शर्मा, किशन सिंह,तरूण नामदेव, विवियन राम सहयोग करेंगे। चयन प्रक्रिया सुबह-शाम के सत्र में होगी। दमोह जिले के बालक-बालिका फुटबॉल खिलाड़ी जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, वे इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

ग्रामीणों ने किया अग्निवीर जवानों का स्वागत

नवभारत,पथरिया। अग्नि वीर में ट्रेनिंग कर चार जवान घर लौटे चारों अग्निवीर ज़वानों का ग्राम केवलारी में स्वागत किया गया। समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश प्रताप सिंह लोधी ने सभी को फूलमाला पहनाकर व राष्ट्रीय चिन्ह सील्ड भेट कर सम्मानित किया उक्त अवसर पर सचिव राजू राजपूत,बद्री पटेल तथा ग्रामीणों ने जवानों का गुलाल लगाकर, फूलमाला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया. पथरिया फिजिकल अकैडमी के कोच विकास पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी नवनियुक्त जवानों की ट्रेनिंग व पोस्टिंग माखन पटेल ट्रेनिंग सेंटर बेंगलुरु पोस्टिंग असम, प्रशांत रजक ट्रेनिंग जबलपुर पोस्टिंग अमृतसर पंजाब में की गई व राजीव अहिरवार जिनकी ट्रेंनिंग अभी बैंगलोर में चल रही है।

प्रेसवार्ता

मुख्यमंत्री प्रदेशवासियों को बताये कि क्या पद पर रहते हुए लाभ लेना उचित है?

डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल : मानक पटेल

नवभारत,दमोह 4 जुलाई। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नीट पेपर लीक से छात्र छात्राओं के हुए भविष्य खराब को लेकर राम मंदिर में चंदा चोरी एवं चढ़ावा चोरी साथ ही किसानों की समस्याओं को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि म.प्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन की बेशकीमती 168 जमीन अपनी पत्नि पुत्र बड़े भाई बहिन भतीजे के नाम पर वहा खरीदी गई जहां से बाईपास निकलना है। उस जमीन को लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने सवाल किये कि प्रदेशवासियों को बताये कि पद पर रहते हुए लाभ लेना उचित है या अनुचित, किन्तु सीएमचुप्पी साधे हुए है।

नीट पेपर लीक से लगा युवाओं को सदमा : मिश्रा

पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि भाजपा कटघरे में है और चौतरफा राम मंदिर चढ़ावा चोरी में घिर चुकी है, क्योंकि मंदिर चढ़ावे के इस महाघोटाले में बाहरी व्यक्ति शामिल नहीं है। पूरी जिम्मेवारी भाजपा की है, क्योंकि वे ही इसके संरक्षक है। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा जिसमें 22 लाख छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उनके अभिभावको ने कोचिंग पर लाखो खर्च कर उन्हें पढ़ाया, किन्तु पेपर लीक होने से उन्हें गहरा सदमा लगा।

भाजपा देश में अराजकता का माहौल बना रही

भाजपा पूरे देश में अराजकता का माहौल फैला रही है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव, परम यादव, विजय बहादुर सिंह, प्रदीप पटेल, मुकेश जैन, शुभम तिवारी,श्रीकांत पटैल, मुकेश सोनी समेत अनेको कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

रक्षा मंत्री ने 6 सैनिकों के शहीद होने की पुष्टि की

जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया, संगठन महासचिव नितिन मिश्रा ने कहा कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपरेशन सिन्दूर में भारतीय सैनिक शहीद नहीं हुआ, किन्तु वर्तमान में छ: सैनिकों के शहीद होने की पुष्टि हुई।